Topic 1 :– 'विश्व जनसंख्या स्थिति, 2024 रिपोर्ट

चर्चा में क्यों :– हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) द्वारा 'विश्व जनसंख्या स्थिति, 2024 रिपोर्ट को प्रकाशित किया गया।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जारी रिपोर्ट का शीर्षक "इंटरवोवन लाइव्स, थ्रेड्स ऑफ होपः एंडिंग इनइक्वलिटीज़ इन सेक्सुअल एंड रिप्रोडक्टिव हेल्थ (SRH) एंड राइट्स" है।

रिपोर्ट में भारत की जनसंख्या से संबंधित मुख्य बिंदु :–

भारत की वर्तमान में कुल जनसंख्या 144.17 करोड़ (लगभग) है। इतनी अधिक जनसंख्या के साथ भारत दुनिया का सबसे बड़ा आबादी वाला देश बन गया है।वर्ष 2100 तक (77 वर्षों में) भारत की आबादी वर्तमान की तुलना में दोगुनी होने का अनुमान है।

दूसरे नंबर पर चीन आता है जिसकी आबादी 142.5 करोड़ है।

भारत की कुल जनसंख्या का 68% 15 वर्ष से 64 वर्ष की आयु के लोग है। वहीं दूसरे नंबर पर दूसरा सबसे बड़ा वर्ग 10 वर्ष से 24 वर्ष आयु (26%) के लोग है।

कुल प्रजनन दर (TFR):

कुल प्रजनन दर उस को कहते है जिसमे महिला के प्रजनन अवधि की पूरी अवधि के दौरान उससे जन्म लेने वाले बच्चों की औसत संख्या।

भारत में प्रजनन दर :–

वर्तमान में भारत की अनुमानित कुल प्रजनन दर 2.0।

भारत में बाल विवाह की दर 2006-2023 की अवधि में 23% थी।

भारत में जीवन प्रत्याशा (Life expectancy) :–

पुरुषों के लिए जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 71 वर्ष अनुमानित है।

महिलाओं के लिए जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 74 वर्ष अनुमानित है।
भारत mev दिव्यांग महिलाओं के साथ सामान्य महिलाओं की तुलना में अधिक जेंडर-आधारित हिंसा का सामना करना पड़ता है यह 10 गुना अधिक है।

रिपोर्ट में यातना से मुक्ति का अधिकार; स्वास्थ्य, निजता, शिक्षा व जीवन का अधिकार तथा भेदभाव की रोकथाम का अधिकार इन सभी को महिलाओं के लैंगिक और जनन स्वास्थ्य अधिकारों (Sexual and Reproductive Health Rights: SRHR) में शामिल किया गया हैं:

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष / United Nations Population Fund (UNFPA)

स्थापना: 1969 में।

यह संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है जो लैंगिक और जनन स्वास्थ्य से जुड़े मामलों पर नजर रखती है

मुख्यालय: न्यूयॉर्क (संयुक्त राज्य अमेरिका)

इसके कार्यों का निर्धारण :– संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ECOSOC) द्वारा

कार्य :–

महिला, पुरुष और बच्चे के अधिकार, स्वास्थ्य और समान अवसर के आनन्दमय जीवन को बढ़ावा देना है।

वैश्विक स्तर पर लैंगिक और पुनर्जनन स्वास्थ्य से संबंधित कई सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना।

प्रश्न. 1 भारत को "जनसांख्यिकीय लाभांश" वाला देश माना जाता है। यह किस कारण है? (2011)

(a) 15 वर्ष से कम आयु वर्ग में इसकी उच्च जनसंख्या
(b) 15-64 वर्ष के आयु वर्ग में इसकी उच्च जनसंख्या
(c) 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में इसकी उच्च जनसंख्या
(d) इसकी उच्च कुल जनसंख्या

उत्तर: (b)

प्रश्न 1. "महिलाओं को सशक्त बनाना जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने की कुंजी है।" चर्चा कीजिये। (2019)

प्रश्न 2. जनसंख्या शिक्षा के प्रमुख उद्देश्यों की विवेचना कीजिये तथा भारत में उन्हें प्राप्त करने के उपायों का विस्तार से उल्लेख कीजिये। (2021)

Topic 2:– जियाधल नदी

चर्चा में क्यों :– असम राज्य में प्रवाहित होने वाली जियाधल नदी जलवायु में होते परिवर्तनों के कारण अपने मार्ग में अधिक परिवर्तन कर रही है

जियाधल नदी :–

इस नदी का उद्गम स्थल अरुणाचल की पहाड़ियों में स्थित है। यह नदी असम राज्य में ब्रह्मपुत्र नदी की एक उत्तरी उपसहायक नदी है। जियाधल नदी असम के धेमाजी जिले से होकर प्रवाहित होती है।

यह नदी गोगामुख से परिवर्तित नाम 'कुमोटिया नदी' के नाम से जानी जाती है। जियाधल नदी पहले सुबनसिरी नदी में मिलती है, फिर सुबनसिरी के साथ ही ब्रह्मपुत्र नदी में मिल जाती है। सुबनसिरी, ब्रह्मपुत्र की एक प्रमुख सहायक नदी है।

जियाथल नदी के बारे में :–

- यह नदी अपने मार्ग में बार-बार बदलाव करने के लिए जानी जाती है।
-
- अपने मार्ग में बार-बार बदलाव करने के कारण इस नदी के क्षेत्र में अत्यधिक विनाशकारी बाढ़ आती है।
-
- बाढ़ और कटाव की प्रवृत्ति के कारण भारी क्षति होती है जिस कारण इस नदी को 'धेमाजी का शोक कहा जाता है।